आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में भारतीय सेना की भूमिका के साथ मेक इन इंडिया की ताकत को बताया बड़ी वजह। कहा–ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने नए भारत के स्वरूप के दर्शन किए।
- आज से शुरू हो रहा है प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र। कल हुई सर्वदलीय बैठक में सदन के सुचारू तौर पर संचालन को लेकर हुई चर्चा। विधायकों को दिया गया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई का प्रशिक्षण।
- बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य की कई नदियां उफान पर। प्रदेश के छत्तीस जिलों की बानबे तहसीलों के एक हजार आठ सौ सतहत्तर गांव बाढ़ से प्रभावित।
- फाइलेरिया से बचाव के लिए प्रदेश के सत्ताईस जिलों में शुरू हुआ घर–घर दवा खिलाने का एमडीए अभियान। आज प्रदेश भर में मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे मेक इन इंडिया की ताकत को बड़ी वजह बताया है। कल बेंगलुरु में विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की सफलता पर प्रकाश डाला ।

**ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की सफलता, सीमा पार कई किलोमीटर भीतर आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की ताकत और आतंकवादियों के बचाव में उतरे पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटनों पर लाने की हमारी क्षमता पूरी दुनिया ने नए भारत के इस स्वरूप के दर्शन किए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की इस सफलता के पीछे बहुत बड़ी वजह हमारी टेक्नोलॉजी और डिफेंस में मेक इन इंडिया की ताकत है।**

**********

प्रदेश विधानमंडल का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। सोलह अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में विजन डॉक्यूमेंट–दो हजार सैंतालीस पर विशेष तौर से चर्चा होगी। यह चर्चा चौबीस घंटे लगातार चलेगी। इस दौरान सभी मंत्री अपने–अपने विभागों का विजन डॉक्यूमेंट प्रस्तुत करेंगे, जिसे नागरिकों के सुझावों के आधार पर तैयार किया जाएगा।

विधानमंडल सत्र को सुचारू तौर से संचालित करने के लिए कल एक सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सभी विधायकों ने सत्र को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग का आश्वासन दिया है।

***उत्तर प्रदेश की अट्ठारहवीं विधानसभा में माननीय सदस्यों के द्वारा एक पॉजिटिव परिचर्चा के अंतर्गत भाग लिया जा रहा है। मैंने सबसे विधानसभा सुचारू रूप से और अच्छी तरीके से चले सबका पार्टिसिपेशन हो इसके लिए रिक्वेस्ट करी। सभी ने विधानसभा को संचालन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सभी ने निवेदन को माना है।***

सर्वदलीय बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के प्रवेश द्वार पर नए गुंबद और सभा मंडप का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने नवीनीकृत सभा कक्ष संख्या–पंद्रह और अतिविशिष्ट जलपान गृह का भी उद्घाटन किया । मुख्यमंत्री ने कल ही अपने आवास पर भारतीय जनता पार्टी सचेतक दल की बैठक भी की।

विधानमंडल सत्र से पहले कल विधायकों को आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस विधानमंडल की नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि एआई साक्षरता भविष्य के लिए जरूरी है।

***जिस भविष्य की परिकल्पना हम कर रहे हैं वो बिना एआई के अधूरी है तो एआई की साक्षरता बहुत आवश्यक है उसकी जानकारी बहुत आवश्यक है। मैं बधाई दूँगी माननीय अध्यक्ष जी को कि उन्होंने आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर को बुलाया है और मुझे लगता है इससे लाभ मिलेगा।***

**********

प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

*हर घर तिरंगा अभियान में जनसहभागिता को बढ़ाने के लिए सजावट, प्रदर्शनी, प्रतियोगिता, रैली जैसी गतिविधियां की जा रही है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 4 करोड़ 60 लाख तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पिछले दो सालों में उत्तर प्रदेश ने देश में हर घर तिरंगा अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।*

*इस साल भी हमारा प्रयास है कि हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। इसके लिए व्यापक तैयारियां है। सामान्य संगठन हो, आम जनमानस हों, सरकारी विभाग हो, सभी लोगों का महत्वपूर्ण योगदान इसमें रहने वाला है।*

*हमारे राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक तिरंगा को लेकर लोगों का जुड़ाव एक सामाजिक एकता का परियाचक भी हो यही प्रयास पुरजोर तरीके से किया जा रहा है। शैलेन्द्र शर्मा, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ*

**********

राज्य के कई जिलों में बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रमुख नदियां ऊफान पर हैं। हापुड़, बदायूं, फर्रूखाबाद और बलिया में गंगा नदी तथा मुरादाबाद में रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। बाराबंकी और अयोध्या में घाघरा नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। लखीमपुर खीरी में शारदा नदी खतरे के निशान पर बह रही है। इस बीच राहत आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया है कि अब तक प्रदेश के छत्तीस जिलों की बानबे तहसीलों के अंतर्गत एक हजार आठ सौ सतहत्तर गांव बाढ से प्रभावित हुए हैं। बाढ प्रभावित इलाकों में छह लाख से अधिक लोगों को राहत पहुंचायी गयी है। चार सौ पचहत्तर बाढ शरणालयों में पैंसठ हजार से अधिक लोगों को रखा गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मंत्री और जनप्रतिनिधि बाढ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। राज्य के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कल गोण्डा जिले के ऐलीपरसौली, बेलसर और ब्योंदा मांझा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण और स्थलीय निरीक्षण किया तथा बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर राहत सामग्री वितरित की।

श्री सिंह ने बाढ़ प्रभावितों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है और हर संभव सहायता दे रही है।

**इधर नेपाल में बारिश होने के कारण राप्ती में भी सवा लाख डेढ़ लाख पानी क्यूसेक निकला है। अब वह बलरामपुर होते हुए सिद्धार्थ नगर उधर निकला है। इधर घाघरा, सरयू और शारदा इधर पानी स्थिर हो गया था लेकिन अब यह भी पानी उतर रहा है। इधर बाराबंकी, अम्बेडकर नगर और अयोध्या, गोंडा अब पानी इधर भी उतर रहा है। हमारे जनप्रतिनिधि भी गाँव गाँव में जा रहे हैं और राहत सामग्री का वितरण हो रहा है और गाँव गरीब किसान को राहत भी मिले। इसके लिए रात दिन हम लोग परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे।**

प्रयागराज में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, वाराणसी में आयुष मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु और बलिया में परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने भी बाढ़ प्रभावित लोगों से संवाद कर उन्हें राहत किट का वितरण किया। राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख ने कल पीलीभीत में बाढ़ से बचाव के बारे में अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा–निर्देश दिये।

**********

प्रदेश के सत्ताईस जिलों में कल से फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने का सर्वजन दवा सेवन–एमडीए अभियान शुरू हो गया। राज्य को वर्ष दो हजार सत्ताईस तथा फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए यह अभियान औरैया, बहराइच, बलरामपुर, बस्ती, चंदौली, देवरिया, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, महाराजगंज, मिर्जापुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, श्रावस्ती, रायबरेली और सुल्तानपुर जिलों के एक सौ पंचानवे ब्लॉकों में आगामी अट्ठाइस अगस्त तक चलेगा। गोरखपुर जिले के नगरीय स्वास्थ्य केंद्र नथमलपुर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने अभियान का उद्‌घाटन खुद दवा खाकर किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सप्ताह में चार दिन घर–घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जायेगी।

***इस बार ये पाँच ब्लॉकों में और एक शहरी क्षेत्र नथमलपुर में हम लोगों ने इसको अरेंज किया है । ध्यान ये रखना है की इस बार जो है हम लोगों को इसको और अच्छे से खिलाना है जिससे हमारा कवरेज अस्सी से पचासी पर्सेंट या और ज्यादा हो जाता है उतने... तक हमें ले जाना है।***

प्रदेश में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस भी मनाया जाएगा। इसके तहत एक से उन्नीस साल तक के आयुवर्ग के लाभार्थियों को पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाई जाएगी। यह अभियान एमडीए वाले सत्ताईज जिलों के एक सौ पंचानवे ब्लॉकों को छोड़ कर अन्य सभी ब्लॉकों और शहरी क्षेत्रों में चलाया जाएगा। छूटे हुए लाभार्थियों को दवा खिलाने के लिए चौदह अगस्त को माप अप राउंड चलेगा।

**********